भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
'एक मिनी रत्न कंपनी'
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
जन सम्पर्क विभाग
कोयला भवन, कोयला नगर
धनबाद – 826005 (झारखण्ड)
दूरभाष/फैक्स : 0326–2230202
वेबसाईट: www.bcclweb.in
ईमेल: bcclprodhanbad@gmail.com
सीआईएन : **U10101JH1972GOI000918**

BHARAT COKING COAL LIMITED
'A Mini Ratna Company'
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Public Relation Department
Koyla Bhawan, Koyla Nagar
Dhanbad- 826005 (Jharkhand).
Phone/Fax: 0326-2230202
website: www.bcclweb.in
email: bcclprodhanbad@gmail.com
CIN : U10101JH1972GOI000918

दिनांक 01.04.2021

प्रेस-विज्ञप्ति

आज दिनांक 01.04.2021 से केंद्रीय चिकित्सालय धनबाद (सीएचडी), बीसीसीएल में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। सुबह के समय इस टीका की पहली खुराक लेने वाले इस विशेष आयु वर्ग (45 वर्ष या उससे अधिक) के लाभार्थियों में श्री एम.के. मिश्रा (56 वर्ष), परियोजना पदाधिकारी, ऐना कोलियरी; श्री कालेश्वर प्रसाद (55 वर्ष), टंकक, ऐना कोलियरी; श्री जी. चक्रवर्ती (53 वर्ष), बिल क्लर्क, ऐना कोलियरी; श्री जीवन कुमार सिन्हा (57 वर्ष), ट्रिपमैन, ऐना कोलियरी; श्री आई शंभु राम (58 वर्ष), डम्पर ऑपरेटर, आरकेटी आउटसोर्सिंग कंपनी; श्री कपिल सोनार (50 वर्ष), डोजर आपरेटर, आरकेटी आउटसोर्सिंग कंपनी; श्री कृष्णानंद महतो (55 वर्ष), ड्रिल ऑपरेटर, आरकेटी आउटसोर्सिंग कंपनी शामिल थे।

केंद्रीय चिकित्सालय धनबाद (सीएचडी), बीसीसीएल द्वारा इस अभियान के माध्यम से पर्याप्त संख्या में कोविड-19 टीके की उपलब्धता सुनिश्चित तथा स्वास्थय कर्मियों की उपलब्धता की गई है, ताकि कंपनी के कर्मचारियों, आउटसोर्सिंग कर्मियों एवं धनबाद के नागरिकों के टीकाकरण की प्रक्रिया को सुचारु एवं सुविधाजनक बनाया जा सके। इस टीके को लेने के लिए पात्र व्यक्ति को अपने आधार कार्ड के माध्यम से सरकार द्वारा अधिसूचित वेबसाईट 'cowin.gov.in' पर स्वयं का पंजीकरण कराना होता है।

आज दिनांक 01 .04.2021 को श्री जे.पी. गुप्ता ने निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना), बीसीसीएल के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उनका स्वागत श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी बीसीसीएल, श्री समीरन दत्ता, निदेशक (वित्त), बीसीसीएल और श्री चंचल गोस्वामी, निदेशक तकनीकी (परिचालन), बीसीसीएल द्वारा किया गया। इसके बाद, कंपनी के प्रकार्य निदेशकों ने उन कर्मचारियों को बधाई दी जिन्होंने सफलतापूर्वक कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली और साथ-ही केंद्रीय अस्पताल, धनबाद के चिकित्सकों को भी बधाई दी जिन्होंने टीकाकरण के इस पूरे प्रक्रिया को सहजता पूर्वक आयोजन किया।

कंपनी ने आज दिनांक 31.03.2021 को, वित्त वर्ष 20-21 के अंतिम दिन 42.5 रेक (36.5 रेक raw कोयले और 6 रेक washed कोयले) का डिस्पैच कर अबतक का उच्चतम रिकार्ड दर्ज किया, जो कंपनी की स्थापना के बाद कोयला डिस्पैच का उच्चतम रिकार्ड है। कुल 1,59,632 टन कोयले का डिस्पैच दिनांक 31.03.2021 को किया गया।

उप महाप्रबंधक (कार्मिक/जनसम्पर्क)

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड